(C) उस्ताद और शागिर्द में
(D) चारागाह और बछड़ा में

(ङ) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में बगुला प्रतीक है

(A) शोषित का
(B) श्रमिक का
(C) शोषक का
(D) पीड़ित का

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *15-20* शब्दों में लिखिए : 1×6=6

(क) कबीर ने 'नाव में भरे जल' से धन की उपयोगिता पर क्या विचार प्रस्तुत किया है?

(ख) 'आह्वान' कविता के माध्यम से कवि ने प्रगति के लिए किसका महत्त्व बताया है और क्यों?

(ग) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में किन प्राकृतिक दृश्यों का चित्रण किया गया है?

(घ) 'इसे जगाओ' कविता में 'सोया आदमी' किसे माना गया है? उसे सजग करने के लिए कवि ने किससे कहा है?

(ङ) 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता में 'नदियों के रोने' से क्या तात्पर्य है?

(च) 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता में 'पेड़ों के हजारों हाथ हिलने' से कवि क्या कहना चाहता है और क्यों?

**3.** निम्नलिखित काव्यांश किस पाठ से लिया गया है? इसके कवि का नामोल्लेख करते हुए काव्यांश का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 5

खग-कुल कुल-कुल-सा बोल रहा,
किसलय का अंचल डोल रहा,
लो यह लतिका भी भर लाई—
मधु-मुकुल नवल रस गागरी।

**अथवा**

एक काले माथ वाली चतुर चिड़िया
श्वेत पंखों के झपाटे मार फौरन
टूट पड़ती है भरे जल के हृदय पर,
एक उजली चटुल मछली
चोंच पीली में दबाकर
दूर उड़ती है गगन में॥

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लगभग *25-25* शब्दों में लिखिए : 2×3=6

(क) रहीम ने मौन धारण करने के लिए किसे और क्यों कहा है?

(ख) 'आह्वान' कविता में कवि ने राष्ट्र के विकास के लिए क्या बातें आवश्यक मानी हैं और क्यों?

(ग) 'आज़ादी' कविता में दर्जी द्वारा 'आज़ादी का मतलब' बताने वाले दो उदाहरणों को स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'इसे जगाओ' कविता में 'वक्त पर जगाओ' क्यों कहा गया है?

**5.** निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग *50* शब्दों में लिखिए : 3

'उनको प्रणाम' कविता में कवि ने बार-बार उनको प्रणाम कहकर क्या भाव प्रकट किया है और क्यों? कवि ने जीवन में किन बातों का महत्त्व बताया है?

**अथवा**

'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता के अनुसार पर्यावरण संरक्षण में आप किन उपायों से सहयोग देना चाहेंगे?

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×6=6

(क) "देख बे, मेरा काम सबसे पहले होना चाहिए।" 'बहादुर' कहानी में यह वाक्य किसने कहा?

(A) निर्मला ने
(B) किशोर ने
(C) वाचक ने
(D) पड़ोसी ने

(ख) अपनी रोटियाँ खुद न बनाने पर निर्मला से मार खाने वाला

(A) बहादुर स्वाभिमानी है
(B) किशोर स्वाभिमानी है
(C) वाचक स्वाभिमानी है
(D) पड़ोसी स्वाभिमानी है

(ग) गिल्लू का प्रिय खाद्य था

(A) चावल
(B) मूँगफली
(C) रोटी
(D) काजू

(घ) 'राबर्ट नर्सिंग होम में' पाठ में 'जादू की पुड़िया' कहा गया है

(A) मदर टेरेसा को
(B) क्रिस्ट हैल्ड को
(C) मदर मार्गरेट को
(D) कर्पूरिका को

(ङ) कोलंबिया मिशन के लिए सर्वाधिक योग्य पाया गया

(A) बचेंद्री पाल को
(B) कल्पना चावला को
(C) लता मंगेशकर को
(D) मदर टेरेसा को

(च) 'सुखी राजकुमार' कहानी के रचनाकार हैं

(A) धर्मवीर भारती
(B) ऑस्कर वाइल्ड
(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(D) मुंशी प्रेमचंद

**7.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *15-20* शब्दों में लिखिए : 1×7=7

(क) समाचार एजेन्सी का क्या काम होता है? किन्हीं **दो** समाचार एजेन्सी के नाम लिखिए।

(ख) अच्छी संगत से सद्‌गुणों का विकास होता है। कैसे? 'सुखी राजकुमार' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ग) 'अंधेर नगरी' नाटक के महत्त्वपूर्ण पात्रों के नाम लिखिए।

(घ) 'मुख' के भीतर द्वारपाल का काम कौन करता है और कैसे? 'अपना पराया' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ङ) 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' पाठ के आधार पर लिखिए कि हजारों वर्ष पहले नाखूनों को किन आकृतियों में काटा जाता था और क्यों।

(च) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी के लेखक कौन हैं? लेखक ने कहानी में क्या संदेश दिया है?

(छ) 'पत्र कैसे लिखें' पाठ के आधार पर लिखिए कि 'ई-पत्र' किसे कहते हैं और यह कैसे लिखा जाता है।

**8.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1+2+2=5

दोनों एक-दूसरे के विरुद्ध लड़े भी थे। लेखक को इस बात पर थोड़ा आश्चर्य होता है कि फ्रांस की मदर टेरेसा और जर्मनी की क्रिस्ट हैल्ड यहाँ एक साथ, एक कर्म, एक ध्येय के लिए मानव सेवा में लीन थीं। लेकिन हम यह जानते हैं कि त्याग-तपस्वी, निःस्वार्थ भाव से काम करने वाले लोग प्रत्येक देश में होते हैं। जर्मनी में हिटलर ने ही जन्म नहीं लिया, विश्व का भला करने वाले वैज्ञानिकों, दार्शनिकों, चिकित्सकों आदि ने भी वहाँ जन्म लिया।

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) लेखक को किस बात पर आश्चर्य होता है और क्यों?

(ग) गद्यांश की अंतिम पंक्तियों में लेखक क्या आशय व्यक्त करना चाहता है?

**अथवा**

मैं आनंद-महल में रहता था, जहाँ दुख को प्रवेश करने की इज़ाजत नहीं थी। दिन में मैं अपने उद्यान में विलास करता था और रात को नृत्य में लगा रहता था। मेरे उद्यान के चारों ओर एक प्राचीर थी, किंतु मेरे चारों ओर इतना सौंदर्य था कि मैंने कभी बाहर देखने का प्रयत्न नहीं किया। मैं जीता रहा और मर गया। आज जब मैं मर गया हूँ तो उन्होंने मुझे इतने ऊँचे पर स्थापित कर दिया है कि मैं संसार की सारी कुरूपता और दुख-दर्द देख सकता हूँ। मेरे ही नगर में इतना दुख है कि यद्यपि मेरा हृदय जस्ते का है, मगर फिर भी फटा जा रहा है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) गद्यांश में किसके सुखमय जीवन की बात कही गयी है और क्यों?

(ग) मरने के बाद उसकी स्थिति और भावनाएँ कैसी हैं?

**9.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लगभग *20-20* शब्दों में लिखिए : 2×4=8

(क) 'एलर्जी' किसे कहते हैं? किन लक्षणों से एलर्जी होने की पहचान होती है?

(ख) 'राबर्ट नर्सिंग होम में' पाठ के आधार पर लिखिए कि समानुभूति किसे कहते हैं। उदाहरण सहित समझाइए।

(ग) 'गिल्लू' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि पशु-पक्षियों में भी मनुष्य की भाँति अनुभव करने की शक्ति होती है। उदाहरण सहित लिखिए।

(घ) अख़बारों के लिए समाचारों का चयन किन आधारों पर किया जाता है?

(ङ) 'अपना पराया' पाठ के आधार पर लिखिए कि रोगाणुओं से बचने के लिए हमें क्या करना चाहिए।

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लगभग *40-50* शब्दों में लिखिए : 3×3=9

(क) बहादुर के व्यक्तित्व की अच्छाइयाँ लिखते हुए बताइए कि पारिवारिक नौकरों के प्रति किया जाने वाला हमारा व्यवहार कैसा होना चाहिए कि उनके जीवन की दिशा बदल जाए।

(ख) ''महिलाओं के विकास से ही किसी देश का विकास संभव है।'' इस तथ्य को 'भारत की ये बहादुर बेटियाँ' पाठ के आधार पर उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ग) गौरैया को बच्चों से चिढ़ क्यों थी? फिर भी बीमार बच्चे के लिए उसने मेहनत की, क्यों और कैसे?

(घ) 'विज्ञापन' किसे कहते हैं? अखबार में विज्ञापन क्यों छापे जाते हैं? इन विज्ञापनों के बारे में अपने विचार लिखिए।

**11.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1×5=5

आज जीत की रात पहरुए, सावधान रहना
खुले देश के द्वार अचल दीपक समान रहना
प्रथम चरण है नए स्वर्ग का है मंजिल का छोर
इस जन-मंथन से उठ आई पहली रत्न-हिलोर
अभी शेष है पूरी होना जीवन-मुक्ताडोर
क्योंकि नहीं मिट पाई दुख की विगत साँवली कोर
ले युग की पतवार बने अंबुधि महान रहना
    पहरुए सावधान रहना।
विषम श्रृंखलाएँ टूटी हैं खुली समस्त दिशाएँ
आज प्रभंजन बनकर चलतीं युग बंदिनी हवाएँ
प्रश्नचिह्न बन खड़ी हो गईं यह सिमटी सीमाएँ
आज पुराने सिंहासन की टूट रही प्रतिमाएँ,
उठता है तूफान, इंदु तुम दीप्तिमान रहना
    पहरुए सावधान रहना।

(क) पहरुए को सावधान रहने के लिए क्यों कहा गया है?

(ख) 'अचल दीपक समान' का क्या आशय है?

(ग) 'नए स्वर्ग' से कवि का संकेत किस ओर है?

(घ) कविता में 'परतंत्रता की बेड़ी' के लिए किस शब्द का प्रयोग किया गया है?

(ङ) 'पुराने सिंहासन की टूट रही प्रतिमाएँ' से कवि क्या कहना चाहता है?

**12.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1×5=5

गाँधीजी का शिक्षा-दर्शन उनके जीवन से प्रभावित था। उनके विचार से वास्तविक शिक्षा वह है जो मुक्ति प्रदान करे—'सा विद्या या विमुक्तए'। मुक्ति का आशय है—आत्म-साक्षात्कार, आत्मानुभूति, ईश्वर दर्शन, सत्य और अहिंसा के गुणों से ओतप्रोत होना। शिक्षा मनुष्य के सर्वांगीण विकास का साधन है। सर्वांगीण विकास से तात्पर्य है—शरीर, मन तथा आत्मा का सर्वांगीण विकास। वास्तविक शिक्षा व्यक्ति के हाथ, हृदय और मस्तिष्क में सामंजस्य उत्पन्न करती है। इसे वह पढ़ने, लिखने तथा गणित की अपेक्षा अधिक महत्त्व देता है। उनके अनुसार शिल्प-केन्द्रित शिक्षा ही बालक का सर्वांगीण विकास कर सकती है।

गाँधीजी शिक्षा द्वारा व्यक्ति और समाज में भी समन्वय स्थापित करना चाहते थे। उनके कथनानुसार ''यदि हम व्यक्ति का चरित्र निर्माण करने में सफल हो जाते हैं तो समाज स्वयं ही सुधर जाएगा। आत्मानुभूति और समाज सेवा एक-दूसरे के सहयोगी हैं—विरोधी नहीं।''

गाँधीजी का शिक्षा-दर्शन उनके शैक्षिक प्रयोगों पर आधारित है। ऐसे दो प्रयोग थे—दक्षिण अफ्रीका में टॉल्सटॉय फार्म की स्थापना तथा बुनियादी शिक्षा योजना। उन्होंने मातृभाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने पर जोर दिया। वे बालकों की शिक्षा के साथ ही प्रौढ़ों को भी शिक्षित करने के पक्ष में हैं। गाँधीजी स्त्री-शिक्षा को आवश्यक मानते थे, क्योंकि एक शिक्षित स्त्री से संपूर्ण परिवार शिक्षित होता है।

(क) मुक्ति से क्या अभिप्राय है?

(ख) शिक्षा का कौन-सा रूप बालक का सर्वांगीण विकास कर सकता है?

(ग) गाँधीजी के अनुसार समाज सुधार के लिए किसकी आवश्यकता है?

(घ) गाँधीजी ने स्त्री-शिक्षा को आवश्यक क्यों माना है?

(ङ) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

**13.** निम्नलिखित के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) निम्नलिखित में से किसी **एक** समस्त पद का विग्रह कर समास का नाम लिखिए :

*(i)* देशप्रेम *(ii)* दाएँ-बाएँ

(ख) सन्धि-विच्छेद कीजिए :

*(i)* मारणास्त्र *(ii)* अत्यन्त

(ग) 'अन्' और 'दुर्' उपसर्ग से *एक-एक* शब्द बनाइए।

(घ) 'त्व' और 'आलु' प्रत्यय से *एक-एक* शब्द बनाइए।

(ङ) सरल वाक्य में बदलिए :

जो गरजता है वह बरसता नहीं।

(च) रचना के आधार पर वाक्य-भेद बताइए :

जहाँ चाह वहाँ राह।

(छ) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए *एक-एक* शब्द लिखिए :

*(i)* जो दर्शनशास्त्र जानता हो *(ii)* युद्ध में स्थिर रहने वाला

(ज) निम्नलिखित के **दो** पर्यायवाची शब्द लिखिए :

कपड़ा **अथवा** फूल

(झ) निम्नलिखित में से किसी **एक** मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए :

*(i)* अपनी खिचड़ी अलग पकाना *(ii)* कीचड़ उछालना

(ञ) वाक्य को शुद्ध रूप में लिखिए :

उनको अब क्या करना चाहिएँ।

**14.** निम्नलिखित गद्यांश का सार लगभग *एक-तिहाई* शब्दों में लिखिए : 5

सुख तथा दुख मानव जीवन की दो भिन्न स्थितियाँ हैं। अभावग्रस्त मन की स्थिति दुख तथा अभाव की पीड़ा से मुक्त मन की स्थिति सुख का कारण बनती है। इस तरह सुख-दुख मन की ही दो प्रधान प्रवृत्तियाँ हैं। संतोष सुख का पर्याय इसलिए कहा गया है कि संतोषी व्यक्ति अभाव की पीड़ा का अनुभव नहीं करता बल्कि अभावों में भी सुख का अनुभव करता है। संतुष्ट हृदय वाला व्यक्ति जीर्ण कुटीर में वही शांति एवं सुख पाता है जो कोई राजपुरुष अपने राज-प्रासाद में पाता है। गाँव का संतुष्ट किसान खेतों में कठोर परिश्रम के पश्चात् सूखी रोटी खाने में जितना स्वाद पाता है एक असंतुष्ट करोड़पति मेवा-मिष्टान्नयुक्त भोजन में भी नहीं पाता है। देखा जाता है कि दिन भर भीख माँगकर फुटपाथ पर पड़ा रहने वाला भिखारी गहरी निद्रा में डूब जाता है किन्तु लाखों रुपयों की गड्डियों को तिजोरी में सहेज कर रखने वाला पूँजीपति सारी रात यही सोचते हुए काट देता है कि करोड़पति कैसे बना जाय। भोगलिप्सा में डूबे व्यक्ति की लिप्सा कभी शांत नहीं होती है। वह निरंतर बेचैन रहता है। अतः संतोष ही सर्वश्रेष्ठ धन है तथा वही परम सुख है।

**15.** बरसात में जल-भराव के कारण होने वाली असुविधा की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए सुधार के लिए नगरपालिका अध्यक्ष को पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

छोटे भाई को पत्र लिखकर पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद में भी भाग लेकर स्वास्थ्य की ओर प्रोत्साहित कीजिए।

**16.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग *300* शब्दों में निबंध लिखिए : 10

(क) बढ़ती महँगाई की समस्या

(ख) ग्रामीण जीवन की समस्याएँ

(ग) भारत की वैज्ञानिक प्रगति

(घ) छात्रों में अनुशासन की आवश्यकता

★ ★ ★

इस प्रश्न-पत्र में 16 प्रश्न तथा 8 मुद्रित पृष्ठ हैं।

**Code No.** **65/ES/4**
**कोड नं०**

**Set / सेट** **B**

Roll No.
अनुक्रमांक

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

# हिन्दी
# (201)

Day and Date of Examination (परीक्षा का दिन व दिनांक) ..............................................................................

Signature of Invigilators (निरीक्षकों के हस्ताक्षर)
1. ..............................................................................
2. ..............................................................................

***सामान्य अनुदेश :***

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से कोई एक उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में सही उत्तर लिखना है।
4. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ-साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा।
5. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।
6. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं० 65/ES/4, सेट B लिखें।

# हिन्दी
# (201)

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

**निर्देश :** (i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्नों के लिए निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

**1.** निम्नलिखित काव्यांश किस पाठ से लिया गया है? इसके कवि का नामोल्लेख करते हुए काव्यांश का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 5

खग-कुल कुल-कुल-सा बोल रहा,
किसलय का अंचल डोल रहा,
लो यह लतिका भी भर लाई—
मधु-मुकुल नवल रस गागरी।

**अथवा**

एक काले माथ वाली चतुर चिड़िया
श्वेत पंखों के झपाटे मार फौरन
टूट पड़ती है भरे जल के हृदय पर,
एक उजली चटुल मछली
चोंच पीली में दबाकर
दूर उड़ती है गगन में॥

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *15-20* शब्दों में लिखिए : 1×6=6

(क) कबीर ने 'नाव में भरे जल' से धन की उपयोगिता पर क्या विचार प्रस्तुत किया है?

(ख) 'आह्वान' कविता के माध्यम से कवि ने प्रगति के लिए किसका महत्त्व बताया है और क्यों?

(ग) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में किन प्राकृतिक दृश्यों का चित्रण किया गया है?

(घ) 'इसे जगाओ' कविता में 'सोया आदमी' किसे माना गया है? उसे सजग करने के लिए कवि ने किससे कहा है?

(ङ) 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता में 'नदियों के रोने' से क्या तात्पर्य है?

(च) 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता में 'पेड़ों के हजारों हाथ हिलने' से कवि क्या कहना चाहता है और क्यों?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×5=5

(क) कबीर के अनुसार मनुष्य की पहचान होती है

(A) धन, समृद्धि और पद से
(B) कुल, वर्ण और जाति से
(C) कर्म और व्यवहार से
(D) सुख, साधन और मकान से

(ख) 'आह्वान' कविता के अनुसार भाग्य उसी का साथ देता है

(A) जो भाग्यवादी होता है
(B) जो परिश्रमी तथा कर्मशील है
(C) जो व्यर्थ समय बिताता है
(D) जो धन खर्च करता है

(ग) 'आह्वान' कविता में 'विविध सुमनों की माला' का आशय है

(A) रंग-बिरंगे फूलों की माला
(B) अनेक फूलों की माला
(C) अनेकता में एकता
(D) आज़ादी और प्रसन्नता

(घ) 'आज़ादी' कविता संबंध स्थापित करती है

(A) मनमानी और उच्छृंखलता में
(B) अधिकार और कर्तव्यनिष्ठा में
(C) उस्ताद और शागिर्द में
(D) चारागाह और बछड़ा में

(ङ) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में बगुला प्रतीक है

(A) शोषित का
(B) श्रमिक का
(C) शोषक का
(D) पीड़ित का

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लगभग *25-25* शब्दों में लिखिए : 2×3=6

(क) 'आह्वान' कविता में कवि ने राष्ट्र के विकास के लिए क्या बातें आवश्यक मानी हैं और क्यों?

(ख) रहीम ने मौन धारण करने के लिए किसे और क्यों कहा है?

(ग) 'आज़ादी' कविता में शागिर्द द्वारा पूछे गए किन्हीं **दो** प्रश्नों का उल्लेख कीजिए।

(घ) 'इसे जगाओ' कविता में 'सोए हुए मनुष्य' को जगाने के लिए किनसे आग्रह किया गया है और क्यों?

**5.** निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग *50* शब्दों में लिखिए : 3

'उनको प्रणाम' कविता में कवि ने बार-बार उनको प्रणाम कहकर क्या भाव प्रकट किया है और क्यों? कवि ने जीवन में किन बातों का महत्त्व बताया है?

**अथवा**

'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता के अनुसार पर्यावरण संरक्षण में आप किन उपायों से सहयोग देना चाहेंगे?

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *15-20* शब्दों में लिखिए : 1×7=7

(क) समाचार एजेन्सी का क्या काम होता है? किन्हीं **दो** समाचार एजेन्सी के नाम लिखिए।

(ख) अच्छी संगत से सद्‌गुणों का विकास होता है। कैसे? 'सुखी राजकुमार' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ग) 'मुख' के भीतर द्वारपाल का काम कौन करता है और कैसे? 'अपना पराया' पाठ के आधार पर लिखिए।

(घ) 'अंधेर नगरी' नाटक के महत्त्वपूर्ण पात्रों के नाम लिखिए।

(ङ) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी के लेखक कौन हैं? लेखक ने कहानी में क्या संदेश दिया है?

(च) 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' पाठ के आधार पर लिखिए कि हजारों वर्ष पहले नाखूनों को किन आकृतियों में काटा जाता था और क्यों।

(छ) 'पत्र कैसे लिखें' पाठ के आधार पर लिखिए कि 'ई-पत्र' किसे कहते हैं और यह कैसे लिखा जाता है।

**7.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×6=6

(क) अपनी रोटियाँ खुद न बनाने पर निर्मला से मार खाने वाला

(A) बहादुर स्वाभिमानी है (B) किशोर स्वाभिमानी है

(C) वाचक स्वाभिमानी है (D) पड़ोसी स्वाभिमानी है

(ख) 'राबर्ट नर्सिंग होम में' पाठ में 'जादू की पुड़िया' कहा गया है

(A) मदर टेरेसा को (B) क्रिस्ट हैल्ड को

(C) मदर मार्गरेट को (D) कर्पूरिका को

(ग) ''देख बे, मेरा काम सबसे पहले होना चाहिए।'' 'बहादुर' कहानी में यह वाक्य किसने कहा?

(A) निर्मला ने (B) किशोर ने

(C) वाचक ने (D) पड़ोसी ने

(घ) गिल्लू का प्रिय खाद्य था

(A) चावल (B) मूँगफली

(C) रोटी (D) काजू

(ङ) कोलंबिया मिशन के लिए सर्वाधिक योग्य पाया गया

(A) बचेंद्री पाल को (B) कल्पना चावला को

(C) लता मंगेशकर को (D) मदर टेरेसा को

(च) 'सुखी राजकुमार' कहानी के रचनाकार हैं

(A) धर्मवीर भारती
(B) ऑस्कर वाइल्ड
(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(D) मुंशी प्रेमचंद

**8.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1+2+2=5

दोनों एक-दूसरे के विरुद्ध लड़े भी थे। लेखक को इस बात पर थोड़ा आश्चर्य होता है कि फ्रांस की मदर टेरेसा और जर्मनी की क्रिस्ट हैल्ड यहाँ एक साथ, एक कर्म, एक ध्येय के लिए मानव सेवा में लीन थीं। लेकिन हम यह जानते हैं कि त्याग-तपस्वी, निःस्वार्थ भाव से काम करने वाले लोग प्रत्येक देश में होते हैं। जर्मनी में हिटलर ने ही जन्म नहीं लिया, विश्व का भला करने वाले वैज्ञानिकों, दार्शनिकों, चिकित्सकों आदि ने भी वहाँ जन्म लिया।

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) लेखक को किस बात पर आश्चर्य होता है और क्यों?

(ग) गद्यांश की अंतिम पंक्तियों में लेखक क्या आशय व्यक्त करना चाहता है?

**अथवा**

मैं आनंद-महल में रहता था, जहाँ दुख को प्रवेश करने की इज़ाजत नहीं थी। दिन में मैं अपने उद्यान में विलास करता था और रात को नृत्य में लगा रहता था। मेरे उद्यान के चारों ओर एक प्राचीर थी, किंतु मेरे चारों ओर इतना सौंदर्य था कि मैंने कभी बाहर देखने का प्रयत्न नहीं किया। मैं जीता रहा और मर गया। आज जब मैं मर गया हूँ तो उन्होंने मुझे इतने ऊँचे पर स्थापित कर दिया है कि मैं संसार की सारी कुरूपता और दुख-दर्द देख सकता हूँ। मेरे ही नगर में इतना दुख है कि यद्यपि मेरा हृदय जस्ते का है, मगर फिर भी फटा जा रहा है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) गद्यांश में किसके सुखमय जीवन की बात कही गयी है और क्यों?

(ग) मरने के बाद उसकी स्थिति और भावनाएँ कैसी हैं?

**9.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लगभग *20-20* शब्दों में लिखिए : 2×4=8

(क) अख़बारों के लिए समाचारों का चयन किन आधारों पर किया जाता है?

(ख) 'राबर्ट नर्सिंग होम में' पाठ के आधार पर लिखिए कि समानुभूति किसे कहते हैं। उदाहरण सहित समझाइए।

(ग) 'गिल्लू' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि पशु-पक्षियों में भी मनुष्य की भाँति अनुभव करने की शक्ति होती है। उदाहरण सहित लिखिए।

(घ) 'एलर्जी' किसे कहते हैं? किन लक्षणों से एलर्जी होने की पहचान होती है?

(ङ) 'अपना पराया' पाठ के आधार पर लिखिए कि रोगाणुओं से बचने के लिए हमें क्या करना चाहिए।

**10.** निम्नलिखित के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) निम्नलिखित में से किसी **एक** समस्त पद का विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए :

*(i)* पुष्पमाला *(ii)* शुभसंदेश

(ख) संधि-विच्छेद कीजिए :

*(i)* वृद्धाश्रम *(ii)* दिनेश

(ग) 'वि' तथा 'सु' उपसर्ग से *एक-एक* शब्द बनाइए।

(घ) सरल वाक्य में बदलिए :

जिसके मन में करुणा है, वह दयालु है।

(ङ) रचना के आधार पर वाक्य-भेद बताइए :

जो गिलहरी अंदर है उसे सभी बुलाते हैं।

(च) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए *एक-एक* शब्द लिखिए :

*(i)* वह स्थान जहाँ कोई मनुष्य न हो *(ii)* उपकार को नहीं मानने वाला

(छ) निम्नलिखित में से किसी **एक** मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए :

*(i)* हाथ फेरना *(ii)* आँख दिखाना

(ज) निम्नलिखित वाक्यों से क्रियाविशेषण शब्द छाँटकर लिखिए :

*(i)* वह लड़का देखते-ही-देखते पानी में डूब गया।

*(ii)* माँ को बेटे की अधिक याद आती है।

(झ) 'इत' और 'ता' प्रत्यय से *एक-एक* शब्द बनाइए।

(ञ) वाक्य को शुद्ध रूप में लिखिए :

आज मेरी पिताजी आने वाली है।

**11.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लगभग *40-50* शब्दों में लिखिए : 3×3=9

(क) बहादुर के व्यक्तित्व की अच्छाइयाँ लिखते हुए बताइए कि पारिवारिक नौकरों के प्रति किया जाने वाला हमारा व्यवहार कैसा होना चाहिए कि उनके जीवन की दिशा बदल जाए।

(ख) ''महिलाओं के विकास से ही किसी देश का विकास संभव है।'' इस तथ्य को 'भारत की ये बहादुर बेटियाँ' पाठ के आधार पर उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ग) गौरैया की दो चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख करते हुए बताइए कि आप उसके चरित्र से क्या सीख लेना चाहेंगे।

(घ) 'संपादकीय' से आप क्या समझते हैं? संपादकीय लिखने का दायित्व किसका होता है? संपादकीय का महत्त्व क्या होता है?

**12.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1×5=5

आज जीत की रात पहरुए, सावधान रहना
खुले देश के द्वार अचल दीपक समान रहना
प्रथम चरण है नए स्वर्ग का है मंजिल का छोर
इस जन-मंथन से उठ आई पहली रत्न-हिलोर
अभी शेष है पूरी होना जीवन-मुक्ताडोर
क्योंकि नहीं मिट पाई दुख की विगत साँवली कोर
ले युग की पतवार बने अंबुधि महान रहना
पहरुए सावधान रहना।
विषम शृंखलाएँ टूटी हैं खुली समस्त दिशाएँ
आज प्रभंजन बनकर चलतीं युग बंदिनी हवाएँ
प्रश्नचिह्न बन खड़ी हो गईं यह सिमटी सीमाएँ
आज पुराने सिंहासन की टूट रही प्रतिमाएँ,
उठता है तूफान, इंदु तुम दीप्तिमान रहना
पहरुए सावधान रहना।

(क) पहरुए को सावधान रहने के लिए क्यों कहा गया है?

(ख) 'अचल दीपक समान' का क्या आशय है?

(ग) 'नए स्वर्ग' से कवि का संकेत किस ओर है?

(घ) कविता में 'परतंत्रता की बेड़ी' के लिए किस शब्द का प्रयोग किया गया है?

(ङ) 'पुराने सिंहासन की टूट रही प्रतिमाएँ' से कवि क्या कहना चाहता है?

**13.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1×5=5

गाँधीजी का शिक्षा-दर्शन उनके जीवन से प्रभावित था। उनके विचार से वास्तविक शिक्षा वह है जो मुक्ति प्रदान करे—'सा विद्या या विमुक्तए'। मुक्ति का आशय है—आत्म-साक्षात्कार, आत्मानुभूति, ईश्वर दर्शन, सत्य और अहिंसा के गुणों से ओतप्रोत होना। शिक्षा मनुष्य के सर्वांगीण विकास का साधन है। सर्वांगीण विकास से तात्पर्य है—शरीर, मन तथा आत्मा का सर्वांगीण विकास। वास्तविक शिक्षा व्यक्ति के हाथ, हृदय और मस्तिष्क में सामंजस्य उत्पन्न करती है। इसे वह पढ़ने, लिखने तथा गणित की अपेक्षा अधिक महत्त्व देता है। उनके अनुसार शिल्प-केन्द्रित शिक्षा ही बालक का सर्वांगीण विकास कर सकती है।

गाँधीजी शिक्षा द्वारा व्यक्ति और समाज में भी समन्वय स्थापित करना चाहते थे। उनके कथनानुसार ''यदि हम व्यक्ति का चरित्र निर्माण करने में सफल हो जाते हैं तो समाज स्वयं ही सुधर जाएगा। आत्मानुभूति और समाज सेवा एक-दूसरे के सहयोगी हैं—विरोधी नहीं।''

गाँधीजी का शिक्षा-दर्शन उनके शैक्षिक प्रयोगों पर आधारित है। ऐसे दो प्रयोग थे—दक्षिण अफ्रीका में टॉल्सटॉय फार्म की स्थापना तथा बुनियादी शिक्षा योजना। उन्होंने मातृभाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने पर जोर दिया। वे बालकों की शिक्षा के साथ ही प्रौढ़ों को भी शिक्षित करने के पक्ष में हैं। गाँधीजी स्त्री-शिक्षा को आवश्यक मानते थे, क्योंकि एक शिक्षित स्त्री से संपूर्ण परिवार शिक्षित होता है।

(क) मुक्ति से क्या अभिप्राय है?

(ख) शिक्षा का कौन-सा रूप बालक का सर्वांगीण विकास कर सकता है?

(ग) गाँधीजी के अनुसार समाज सुधार के लिए किसकी आवश्यकता है?

(घ) गाँधीजी ने स्त्री-शिक्षा को आवश्यक क्यों माना है?

(ङ) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

**14.** निम्नलिखित गद्यांश का सार लगभग *एक-तिहाई* शब्दों में लिखिए : 5

सुख तथा दुख मानव जीवन की दो भिन्न स्थितियाँ हैं। अभावग्रस्त मन की स्थिति दुख तथा अभाव की पीड़ा से मुक्त मन की स्थिति सुख का कारण बनती है। इस तरह सुख-दुख मन की ही दो प्रधान प्रवृत्तियाँ हैं। संतोष सुख का पर्याय इसलिए कहा गया है कि संतोषी व्यक्ति अभाव की पीड़ा का अनुभव नहीं करता बल्कि अभावों में भी सुख का अनुभव करता है। संतुष्ट हृदय वाला व्यक्ति जीर्ण कुटीर में वही शांति एवं सुख पाता है जो कोई राजपुरुष अपने राज-प्रासाद में पाता है। गाँव का संतुष्ट किसान खेतों में कठोर परिश्रम के पश्चात् सूखी रोटी खाने में जितना स्वाद पाता है एक असंतुष्ट करोड़पति मेवा-मिष्टान्नयुक्त भोजन में भी नहीं पाता है। देखा जाता है कि दिन भर भीख माँगकर फुटपाथ पर पड़ा रहने वाला भिखारी गहरी निद्रा में डूब जाता है किन्तु लाखों रुपयों की गड्डियों को तिजोरी में सहेज कर रखने वाला पूँजीपति सारी रात यही सोचते हुए काट देता है कि करोड़पति कैसे बना जाय। भोगलिप्सा में डूबे व्यक्ति की लिप्सा कभी शांत नहीं होती है। वह निरंतर बेचैन रहता है। अतः संतोष ही सर्वश्रेष्ठ धन है तथा वही परम सुख है।

**15.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग *300* शब्दों में निबंध लिखिए : 10

(क) पुस्तकें पढ़ने की घटती आदत

(ख) हिंदी पढ़ना क्यों जरूरी

(ग) भारत की वैज्ञानिक प्रगति

(घ) किसी सामाजिक पर्व का वर्णन

**16.** बरसात में जल-भराव के कारण होने वाली असुविधा की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए सुधार के लिए नगरपालिका अध्यक्ष को पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

छोटे भाई को पत्र लिखकर पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद में भी भाग लेकर स्वास्थ्य की ओर प्रोत्साहित कीजिए।

★ ★ ★

इस प्रश्न-पत्र में 16 प्रश्न तथा 8 मुद्रित पृष्ठ हैं।

**Code No.** **65/ES/4**
कोड नं०

Roll No.
अनुक्रमांक

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

**Set / सेट** C

# हिन्दी
# (201)

Day and Date of Examination (परीक्षा का दिन व दिनांक) ..........................................................................

Signature of Invigilators (निरीक्षकों के हस्ताक्षर)
1. ..........................................................................
2. ..........................................................................

***सामान्य अनुदेश :***

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से कोई एक उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में सही उत्तर लिखना है।
4. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ-साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा।
5. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।
6. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं० 65/ES/4, सेट C लिखें।

# हिन्दी

# (201)

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

**निर्देश :** (i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्नों के लिए निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *15-20* शब्दों में लिखिए : 1×6=6

(क) कबीर ने 'नाव में भरे जल' से धन की उपयोगिता पर क्या विचार प्रस्तुत किया है?

(ख) 'आह्वान' कविता के माध्यम से कवि ने प्रगति के लिए किसका महत्त्व बताया है और क्यों?

(ग) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में किन प्राकृतिक दृश्यों का चित्रण किया गया है?

(घ) 'इसे जगाओ' कविता में 'सोया आदमी' किसे माना गया है? उसे सजग करने के लिए कवि ने किससे कहा है?

(ङ) 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता में 'नदियों के रोने' से क्या तात्पर्य है?

(च) 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता में 'पेड़ों के हजारों हाथ हिलने' से कवि क्या कहना चाहता है और क्यों?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×5=5

(क) कबीर के अनुसार मनुष्य की पहचान होती है

(A) धन, समृद्धि और पद से (B) कुल, वर्ण और जाति से

(C) कर्म और व्यवहार से (D) सुख, साधन और मकान से

(ख) 'आह्वान' कविता के अनुसार भाग्य उसी का साथ देता है

(A) जो भाग्यवादी होता है (B) जो परिश्रमी तथा कर्मशील है

(C) जो व्यर्थ समय बिताता है (D) जो धन खर्च करता है

(ग) 'आह्वान' कविता में 'विविध सुमनों की माला' का आशय है

(A) रंग-बिरंगे फूलों की माला (B) अनेक फूलों की माला

(C) अनेकता में एकता (D) आज़ादी और प्रसन्नता

(घ) 'आज़ादी' कविता संबंध स्थापित करती है

(A) मनमानी और उच्छृंखलता में (B) अधिकार और कर्तव्यनिष्ठा में

(C) उस्ताद और शागिर्द में (D) चारागाह और बछड़ा में

(ङ) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में बगुला प्रतीक है

(A) शोषित का (B) श्रमिक का

(C) शोषक का (D) पीड़ित का

**3.** निम्नलिखित काव्यांश किस पाठ से लिया गया है? इसके कवि का नामोल्लेख करते हुए काव्यांश का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 5

खग-कुल कुल-कुल-सा बोल रहा,
किसलय का अंचल डोल रहा,
लो यह लतिका भी भर लाई—
मधु-मुकुल नवल रस गागरी।

**अथवा**

एक काले माथ वाली चतुर चिड़िया
श्वेत पंखों के झपाटे मार फौरन
टूट पड़ती है भरे जल के हृदय पर,
एक उजली चटुल मछली
चोंच पीली में दबाकर
दूर उड़ती है गगन में॥

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लगभग *25-25* शब्दों में लिखिए : 2×3=6

(क) रहीम ने मौन धारण करने के लिए किसे और क्यों कहा है?

(ख) 'आह्वान' कविता में कवि ने राष्ट्र के विकास के लिए क्या बातें आवश्यक मानी हैं और क्यों?

(ग) 'आज़ादी' कविता के आधार पर लिखिए कि आज़ादी का संबंध श्रम, त्याग और बलिदान से क्यों है?

(घ) 'इसे जगाओ' कविता में कवि ने 'सोए हुए व्यक्ति' को जगाने के लिए किन्हें चुना है और क्यों?

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×6=6

(क) "देख बे, मेरा काम सबसे पहले होना चाहिए।" 'बहादुर' कहानी में यह वाक्य किसने कहा?

(A) निर्मला ने
(B) किशोर ने
(C) वाचक ने
(D) पड़ोसी ने

(ख) अपनी रोटियाँ खुद न बनाने पर निर्मला से मार खाने वाला

(A) बहादुर स्वाभिमानी है
(B) किशोर स्वाभिमानी है
(C) वाचक स्वाभिमानी है
(D) पड़ोसी स्वाभिमानी है

(ग) गिल्लू का प्रिय खाद्य था

(A) चावल
(B) मूँगफली
(C) रोटी
(D) काजू

(घ) 'राबर्ट नर्सिंग होम में' पाठ में 'जादू की पुड़िया' कहा गया है

(A) मदर टेरेसा को
(B) क्रिस्ट हैल्ड को
(C) मदर मार्गरेट को
(D) कर्पूरिका को

(ङ) कोलंबिया मिशन के लिए सर्वाधिक योग्य पाया गया

(A) बचेंद्री पाल को
(B) कल्पना चावला को
(C) लता मंगेशकर को
(D) मदर टेरेसा को

(च) 'सुखी राजकुमार' कहानी के रचनाकार हैं

(A) धर्मवीर भारती
(B) ऑस्कर वाइल्ड
(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(D) मुंशी प्रेमचंद

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *15-20* शब्दों में लिखिए : 1×7=7

(क) समाचार एजेन्सी का क्या काम होता है? किन्हीं **दो** समाचार एजेन्सी के नाम लिखिए।

(ख) अच्छी संगत से सद्‌गुणों का विकास होता है। कैसे? 'सुखी राजकुमार' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ग) 'अंधेर नगरी' नाटक के महत्त्वपूर्ण पात्रों के नाम लिखिए।

(घ) 'मुख' के भीतर द्वारपाल का काम कौन करता है और कैसे? 'अपना पराया' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ङ) 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' पाठ के आधार पर लिखिए कि हजारों वर्ष पहले नाखूनों को किन आकृतियों में काटा जाता था और क्यों।

(च) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी के लेखक कौन हैं? लेखक ने कहानी में क्या संदेश दिया है?

(छ) 'पत्र कैसे लिखें' पाठ के आधार पर लिखिए कि 'ई-पत्र' किसे कहते हैं और यह कैसे लिखा जाता है।

**7.** निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग *50* शब्दों में लिखिए : 3

'उनको प्रणाम' कविता में कवि ने बार-बार उनको प्रणाम कहकर क्या भाव प्रकट किया है और क्यों? कवि ने जीवन में किन बातों का महत्त्व बताया है?

**अथवा**

'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता के अनुसार पर्यावरण संरक्षण में आप किन उपायों से सहयोग देना चाहेंगे?

**8.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1+2+2=5

दोनों एक-दूसरे के विरुद्ध लड़े भी थे। लेखक को इस बात पर थोड़ा आश्चर्य होता है कि फ्रांस की मदर टेरेसा और जर्मनी की क्रिस्ट हैल्ड यहाँ एक साथ, एक कर्म, एक ध्येय के लिए मानव सेवा में लीन थीं। लेकिन हम यह जानते हैं कि त्याग-तपस्वी, निःस्वार्थ भाव से काम करने वाले लोग प्रत्येक देश में होते हैं। जर्मनी में हिटलर ने ही जन्म नहीं लिया, विश्व का भला करने वाले वैज्ञानिकों, दार्शनिकों, चिकित्सकों आदि ने भी वहाँ जन्म लिया।

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) लेखक को किस बात पर आश्चर्य होता है और क्यों?

(ग) गद्यांश की अंतिम पंक्तियों में लेखक क्या आशय व्यक्त करना चाहता है?

**अथवा**

मैं आनंद-महल में रहता था, जहाँ दुख को प्रवेश करने की इज़ाजत नहीं थी। दिन में मैं अपने उद्यान में विलास करता था और रात को नृत्य में लगा रहता था। मेरे उद्यान के चारों ओर एक प्राचीर थी, किंतु मेरे चारों ओर इतना सौंदर्य था कि मैंने कभी बाहर देखने का प्रयत्न नहीं किया। मैं जीता रहा और मर गया। आज जब मैं मर गया हूँ तो उन्होंने मुझे इतने ऊँचे पर स्थापित कर दिया है कि मैं संसार की सारी कुरूपता और दुख-दर्द देख सकता हूँ। मेरे ही नगर में इतना दुख है कि यद्यपि मेरा हृदय जस्ते का है, मगर फिर भी फटा जा रहा है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) गद्यांश में किसके सुखमय जीवन की बात कही गयी है और क्यों?

(ग) मरने के बाद उसकी स्थिति और भावनाएँ कैसी हैं?

**9.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लगभग *20-20* शब्दों में लिखिए : 2×4=8

(क) 'राबर्ट नर्सिंग होम में' पाठ के आधार पर लिखिए कि समानुभूति किसे कहते हैं। उदाहरण सहित समझाइए।

(ख) 'गिल्लू' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि पशु-पक्षियों में भी मनुष्य की भाँति अनुभव करने की शक्ति होती है। उदाहरण सहित लिखिए।

(ग) अख़बारों के लिए समाचारों का चयन किन आधारों पर किया जाता है?

(घ) 'अपना पराया' पाठ के आधार पर लिखिए कि रोगाणुओं से बचने के लिए हमें क्या करना चाहिए।

(ङ) 'एलर्जी' किसे कहते हैं? किन लक्षणों से एलर्जी होने की पहचान होती है?

**10.** निम्नलिखित के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) निम्नलिखित में से किसी **एक** समस्त पद का विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए :

*(i)* देशसेवा *(ii)* नाक-कान

(ख) संधि-विच्छेद कीजिए :

*(i)* ब्रह्मास्त्र *(ii)* अत्यधिक

(ग) 'अधि' और 'अप' उपसर्ग से *एक-एक* शब्द बनाइए।

(घ) 'ई' और 'वाला' प्रत्यय से *एक-एक* शब्द बनाइए।

(ङ) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए *एक-एक* शब्द लिखिए :

*(i)* जो कानून के विरुद्ध हो *(ii)* शिष्टजनों का आचार

(च) रचना के आधार पर वाक्य-भेद बताइए :

जिसके पास नहीं है पैसा, उसका जीवन कैसा।

(छ) निम्नलिखित वाक्यों से क्रियाविशेषण शब्द छाँटकर लिखिए :

*(i)* अरे, वह कहाँ गया? *(ii)* मैं आजकल शहर में रहता हूँ।

(ज) निम्नलिखित के **दो** पर्यायवाची शब्द लिखिए :

नदी **अथवा** फूल

(झ) निम्नलिखित में से किसी **एक** मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए :

*(i)* दाँत खट्टे करना *(ii)* जान पर खेलना

(ञ) वाक्य को शुद्ध रूप में लिखिए :

यह काम उसने अच्छा नहीं करा।

**11.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लगभग *40-50* शब्दों में लिखिए : 3×3=9

(क) बहादुर के व्यक्तित्व की अच्छाइयाँ लिखते हुए बताइए कि पारिवारिक नौकरों के प्रति किया जाने वाला हमारा व्यवहार कैसा होना चाहिए कि उनके जीवन की दिशा बदल जाए।

(ख) ''महिलाओं के विकास से ही किसी देश का विकास संभव है।'' इस तथ्य को 'भारत की ये बहादुर बेटियाँ' पाठ के आधार पर उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'सुखी राजकुमार' कहानी के आधार पर मेयर के चरित्र की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(घ) 'अखबार की दुनिया' पाठ के आधार पर लिखिए कि अखबारों में मौसम संबंधी समाचार क्यों छापे जाते हैं।

**12.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1×5=5

गाँधीजी का शिक्षा-दर्शन उनके जीवन से प्रभावित था। उनके विचार से वास्तविक शिक्षा वह है जो मुक्ति प्रदान करे—'सा विद्या या विमुक्तए'। मुक्ति का आशय है—आत्म-साक्षात्कार, आत्मानुभूति, ईश्वर दर्शन, सत्य और अहिंसा के गुणों से ओतप्रोत होना। शिक्षा मनुष्य के सर्वांगीण विकास का साधन है। सर्वांगीण विकास से तात्पर्य है—शरीर, मन तथा आत्मा का सर्वांगीण विकास। वास्तविक शिक्षा व्यक्ति के हाथ, हृदय और मस्तिष्क में सामंजस्य उत्पन्न करती है। इसे वह पढ़ने, लिखने तथा गणित की अपेक्षा अधिक महत्त्व देता है। उनके अनुसार शिल्प-केन्द्रित शिक्षा ही बालक का सर्वांगीण विकास कर सकती है।

गाँधीजी शिक्षा द्वारा व्यक्ति और समाज में भी समन्वय स्थापित करना चाहते थे। उनके कथनानुसार ''यदि हम व्यक्ति का चरित्र निर्माण करने में सफल हो जाते हैं तो समाज स्वयं ही सुधर जाएगा। आत्मानुभूति और समाज सेवा एक-दूसरे के सहयोगी हैं—विरोधी नहीं।''

गाँधीजी का शिक्षा-दर्शन उनके शैक्षिक प्रयोगों पर आधारित है। ऐसे दो प्रयोग थे—दक्षिण अफ्रीका में टॉल्सटॉय फार्म की स्थापना तथा बुनियादी शिक्षा योजना। उन्होंने मातृभाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने पर जोर दिया। वे बालकों की शिक्षा के साथ ही प्रौढ़ों को भी शिक्षित करने के पक्ष में हैं। गाँधीजी स्त्री-शिक्षा को आवश्यक मानते थे, क्योंकि एक शिक्षित स्त्री से संपूर्ण परिवार शिक्षित होता है।

(क) मुक्ति से क्या अभिप्राय है?

(ख) शिक्षा का कौन-सा रूप बालक का सर्वांगीण विकास कर सकता है?

(ग) गाँधीजी के अनुसार समाज सुधार के लिए किसकी आवश्यकता है?

(घ) गाँधीजी ने स्त्री-शिक्षा को आवश्यक क्यों माना है?

(ङ) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

**13.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1×5=5

आज जीत की रात पहरुए, सावधान रहना
खुले देश के द्वार अचल दीपक समान रहना
प्रथम चरण है नए स्वर्ग का है मंजिल का छोर
इस जन-मंथन से उठ आई पहली रत्न-हिलोर
अभी शेष है पूरी होना जीवन-मुक्ताडोर
क्योंकि नहीं मिट पाई दुख की विगत साँवली कोर
ले युग की पतवार बने अंबुधि महान रहना
पहरुए सावधान रहना।
विषम शृंखलाएँ टूटी हैं खुली समस्त दिशाएँ
आज प्रभंजन बनकर चलतीं युग बंदिनी हवाएँ
प्रश्नचिह्न बन खड़ी हो गईं यह सिमटी सीमाएँ

आज पुराने सिंहासन की टूट रही प्रतिमाएँ,
उठता है तूफान, इंदु तुम दीप्तिमान रहना
पहरुए सावधान रहना।

(क) पहरुए को सावधान रहने के लिए क्यों कहा गया है?

(ख) 'अचल दीपक समान' का क्या आशय है?

(ग) 'नए स्वर्ग' से कवि का संकेत किस ओर है?

(घ) कविता में 'परतंत्रता की बेड़ी' के लिए किस शब्द का प्रयोग किया गया है?

(ङ) 'पुराने सिंहासन की टूट रही प्रतिमाएँ' से कवि क्या कहना चाहता है?

**14.** निम्नलिखित गद्यांश का सार लगभग *एक-तिहाई* शब्दों में लिखिए : 5

सुख तथा दुख मानव जीवन की दो भिन्न स्थितियाँ हैं। अभावग्रस्त मन की स्थिति दुख तथा अभाव की पीड़ा से मुक्त मन की स्थिति सुख का कारण बनती है। इस तरह सुख-दुख मन की ही दो प्रधान प्रवृत्तियाँ हैं। संतोष सुख का पर्याय इसलिए कहा गया है कि संतोषी व्यक्ति अभाव की पीड़ा का अनुभव नहीं करता बल्कि अभावों में भी सुख का अनुभव करता है। संतुष्ट हृदय वाला व्यक्ति जीर्ण कुटीर में वही शांति एवं सुख पाता है जो कोई राजपुरुष अपने राज-प्रासाद में पाता है। गाँव का संतुष्ट किसान खेतों में कठोर परिश्रम के पश्चात् सूखी रोटी खाने में जितना स्वाद पाता है एक असंतुष्ट करोड़पति मेवा-मिष्टान्नयुक्त भोजन में भी नहीं पाता है। देखा जाता है कि दिन भर भीख माँगकर फुटपाथ पर पड़ा रहने वाला भिखारी गहरी निद्रा में डूब जाता है किन्तु लाखों रुपयों की गड्डियों को तिजोरी में सहेज कर रखने वाला पूँजीपति सारी रात यही सोचते हुए काट देता है कि करोड़पति कैसे बना जाय। भोगलिप्सा में डूबे व्यक्ति की लिप्सा कभी शांत नहीं होती है। वह निरंतर बेचैन रहता है। अतः संतोष ही सर्वश्रेष्ठ धन है तथा वही परम सुख है।

**15.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग *300* शब्दों में निबंध लिखिए : 10

(क) पुस्तकालय की उपयोगिता

(ख) राष्ट्रीय एकता

(ग) सैनिक का जीवन

(घ) मानवता की सेवा ही सच्ची सेवा

**16.** बरसात में जल-भराव के कारण होने वाली असुविधा की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए सुधार के लिए नगरपालिका अध्यक्ष को पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

छोटे भाई को पत्र लिखकर पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद में भी भाग लेकर स्वास्थ्य की ओर प्रोत्साहित कीजिए।

★ ★ ★

इस प्रश्न-पत्र में 16 प्रश्न तथा 8 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No.
अनुक्रमांक

**Code No.** **65/OS/1**
**कोड नं.**

**Set / सेट** **A**

# हिन्दी
# (201)

Day and Date of Examination ..........................................................................
(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators 1. ..........................................................................
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. ..........................................................................

**सामान्य अनुदेश :**

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से **कोई एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में सही उत्तर लिखना है।
4. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ-साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा।
5. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।
6. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं० 65/OS/1, सेट A लिखें।

# हिन्दी
# (201)

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

**निर्देश :** (i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्नों के लिए निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×5=5

(क) कबीरदास के अनुसार आलोचकों से

(A) मित्रता बढ़ती है
(B) अपने अवगुण का ज्ञान होता है
(C) अच्छाइयों का पता चलता है
(D) शत्रुता हो जाती है

(ख) 'आह्वान' कविता में जीवन में सफलता पाने के लिए किसे आवश्यक माना गया है?

(A) स्वास्थ्य को
(B) भाग्य को
(C) पुरुषार्थ को
(D) धन-समृद्धि को

(ग) 'आजादी' कविता में कवि का 'आजादी' से आशय है

(A) काम न करना
(B) मनमानी करना
(C) गैर-जिम्मेदारीपूर्ण काम करना और फल की आशा करना
(D) कर्म करना और पारिश्रमिक का उचित फल प्राप्त करना

(घ) 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता के रचनाकार हैं

(A) नागार्जुन
(B) जयशंकर प्रसाद
(C) निर्मला पुतुल
(D) मैथिलीशरण गुप्त

(ङ) 'इसे जगाओ' कविता में किसे जगाने के लिए कहा गया है?

(A) सच से बेखबर को
(B) सपने देखने वाले को
(C) थककर सोने वाले को
(D) बैठे-बैठे ऊँघने वाले को

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *15-20* शब्दों में लिखिए : 1×6=6

(क) 'आह्वान' कविता में तैल और दीप किनके प्रतीक हैं?

(ख) 'चन्द्रगहना से लौटती बेर' कविता में कवि ने अलसी की उपमा किससे दी है?

(ग) 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता में प्रकृति के प्रति किन कर्त्तव्यों की ओर ध्यान दिलाया गया है?

